**EDITORIAL**

# Darkness Overlapping

A very flamboyant package for revival of BSNL was approved by union Cabinet and communicated to the press and media on 24th October, 2020 by Hon'ble MOC that a huge amount of 70,000 crores will be funded to BSNL for its revival. This news was flashed broadly which was welcomed by all section of people of the country. The BSNL workers also hopeful for the revival of BSNL. But they deprived to learn the agenda of VRS as it was against the idea of September, 2000 agreement with unions and commitment of the Govt that after formation of Corporation, BSNL will be kept financially viable, the Job of the workers will be secured and after retirement. The BSNL workers will get Govt pension for combined services of DOT and BSNL under the CCS Pension Rule 1972. The Govt. at centre is much powerful so keeping aside the agreement and commitment of then NDA Govt, VRS imposed in BSNL. It was announced by the Govt that the sanctioned fund in respect of new revival package will be expended on VRS of employees and rolling out of 4G spectrum for BSNL mobile services. The VRS process was completed on 31st January 2020 through which 78,658 executive and non-executive workers opted and left the BSNL under the threat of transfer from one Circle to another. Before VRS the stake holders of Company were raising a very vital point that the management and Govt. should take initiative to evolve a proper road map to run the Company after vacation of human resources from company in large number but the voice of the unions/associations were ignored and it was told that the need of maintenance of the services will be managed by the out sourcing. After a long gap of time process of out sourcing was started but till today no proper process have been applied to maintain the services upto mark. Moreover, the situation at ground level is totally different as the Broad Band, leased lines and other services are being surrendered by the subscribers in big way. It has not been implemented in proper manner. The ground level situation is worsening day to day. The cities have been divided in cluster and for each cluster some vendors are given authority to maintain the services and to provide new services to the subscribers.

At ground level after entry of outsourced vendors the systems of fault rectification is charged. Now to escape from penalty, vendors are clearing the complaint without removal of fault causing huge disconnections of our value added services like. Broadband, leased line, VPN, MPLs and FTTH services.

At present FTTH is the life line in Telecom sector, but in our BSNL provisioning and maintenance of FTTH works have given to the out sourced vendors. They are not treating the Customer as earlier treatment was given by our own employees. It is also reported that the customers are charged more than applicable and justified amount. This act ultimately go against the BSNL and the customers moves to obtain services from private Telecos. It is also a bitter fact that some vendors are working for BSNL and other private Telecos and they work to get more earning and ignoring the BSNL services. They use to convince the customer comparing the BSNL services with other private Telecos and sharing better result of private Telecos.

All these aspects are in the knowledge of our management but they are closing their eyes for the reason best known to them.

**4G spectrum:-** In revival package of BSNL one most important issue was accepted by the Govt to provide and roll out the 4G services for BSNL. It was told that the expenditure encored on providing of 4G spectrum will be beared by the Govt. We donot allege that the Govt has denied to expend

money but the Govt is adopting such a policy which making the distance larger between BSNL and 4G spectrum.

This situation is enough to compel the BSNL to sink. It is seen that now a days number of porting out from BSNL to other Telecos have been increased. If the rolling out of 4G spectrum will be delayed further the survival of BSNL is doubtful.

**Human resources:-** Development of human resources has a special significant for improvement of productions and productivity of any Company. In BSNL the issues related to employees have been kept in cold storage. Even after more than one year of VRS. The salary of the staff is not paid on time every month, from first week it is a important question among work force that when the salary will be paid for the last month. The employees are feeling demoralised as they cannot pull their family and social affairs smoothly. The management feels that the staff who have been left in the Company after VRS are useless and the whole focus is given upon out sourcing.

The employees have right to get their salary on time when salary is not paid on time what to say about other welfare measures. All welfare measures have been suspended or stopped.

**Promotions :-** All non-executive employees are suffering due to not holding of promotional examination.

It was told by the management that after VRS restructuring of company and employees will be completed very soon. The restructuring has not been completed till today and Cadre wise vacancy have not been calculated. All the eligible candidates to appear in JTO, JAO, J.E, T.T Cadres are crying continuously.

The management feels that the situation is normal and the staff have accepted to live on the mercy of management, but the reality is different. The entire employees feel suffocation and a great resentment prevailing among them.  The time will decide the right or wrong.

The employees are deprived for not holding the promotional examinations, non payment of pending medical bills, TA bills and other claims.

**Freezing of IDA:-** It is clarified by the DPE (Department of Public Enterprises) that the order of freezing of IDA is not applicable for the non-executive employees. Even Court verdict have came in this regard but our controlling ministry is maintaining silence on this issue.

NFTE has knocked the door at all level and told its opinion that freezing of IDA is not applicable for the non-executive employees. Taking all aspects which is required to run a Company in better way and after assessing the ground reality. It is clear that the darkness is still overlapping and the top-level management as well as the Govt. not making a solid effort to bring brightness and turn the situation in favourable direction to run BSNL Company. The NFTE as vanguard of working class is always vigilant for the welfare of employees as well as for unity among all section of workers. Let us hope with our united efforts the scenario will be changed.

# अंधकार अच्छादित

भारत संचार निगम लिमिटेड के पुनरूत्थान हेतु भारत सरकार के मंत्री परिषद ने अक्टूबर 2019 में एक आकर्षक पैकेज का अनुमोदन किया तथा इस पर 24 अक्टूबर 2019 को माननीय संचार मंत्री भारत सरकार ने प्रेस एवं संचार माध्यमों के बीच घोषणा की कि 70,000 रूपये की एक बृद्ध पुनरूत्थान योजना बी.एस.एन.एल. के उद्वार के लिए सरकार ने जारी किया है। माननीय मंत्री संचार के इस उद्‌घोषणा का देश के हर क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया तथा बीएसएनएल कर्मचारियों में भी खुशी एवं उत्साह परिदर्शित हुई कि हमारी कम्पनी जो सरकार की गलत नीतियों के कारण खस्ता हाल होते जा रही थी, अब इसके अच्छे दिन आने वाले हैं, परन्तु पुनरूत्थान के पीछे छिपे हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की बात जब सामने आई तो कर्मचारियों के पैरों के नीचे धरती खिसकने लगी। कर्मचारियों क्षुब्ध और दुखी हुए कि ये बीआरएस की बात दूरसंचार विभाग के कतिपय शाखाओं के निगम में परिवर्तन के समय श्रमिक संगठनों के साथ हुए समझौते एवं सरकार द्वारा दी वचनबद्धता के विपरीत है। तत्कालीन एन.डी.ए. की सरकार ने निगम बनाते वक्त वचन दिया था कि (1) कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित रहेगी। (2) बनने वाले निगम को सरकार आर्थिक रूप से सुदृढ़ रखेगी तथा (3) दूरसंचार विभाग से निगम में शामिल किये गये कर्मचारियों को भारत सरकार की पेंशन अधिनियम 1972 के आलोक में सरकारी पेंशन का भुगतान किया जायगा। कर्मचारी बहुत विचलित हुए परन्तु सरकार एवं बीएसएनएल प्रबंधन ने एक ऐसा शमा तैयार कराई कि कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल बन गया। सभी श्रमिक संगठनों से बिना किसी चर्चा के यह दुष्प्रचारित किया गया कि वी.आर.एस. के उपरान्त बचे कर्मचारी को नौकरी करने के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजा जायेगा। इस भयावह स्थिति को कर्मचारी झेल नहीं पाये और लगभग 78658 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प देरक, कम्पनी से बाहर हो गये। सरकार ने जो वादे किये इन सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए वे वादे आज तक पूर्ण नहीं किये जा सके हैं अपितु सैकड़ों कर्मचारी कानूनी दावपेंच में पड़ कर आज ना घर के ना घाट के वाली स्थिति में जीने को मजबूर हैं। सेवानिवृत्ति की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2020 रखी गई थी। अक्टूबर 19 से जनवरी 2020 के बीच श्रमिक संघों ने जो कम्पनी के स्टेक होल्डर भी हैं, बार–बार सवाल उठाया कि बी.आर.एस. पर कर्मियों के जाने के पश्चात कम्पनी की सेवाएं कैसे संचालित होंगी, इसके लिए कोई ठोस आकलन कर एक मानक तैयार होनी चाहिए परन्तु सरकार के इशारे पर चलने वाली प्रबंधन के लोगों ने किसी की कुछ नहीं सुनी और केवल अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी कैसे बाहर कर दिये जाए इसकी युक्ति में लगे रहे।

श्रमिक संघों के अत्यन्त दबाव के बाद प्रबंधन ने कहा कि श्रमिकों के सेवानिवृत्ति के बाद बाह्य माध्यमों (आउटसोर्सिंग) से कम्पनी की सेवाओं का संचालन किया जायगा। अंदर सरजमीन की बातें स्पष्ट है कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी अभी यथोचित कार्यवाई नहीं की गई है। सेवाओं के अनुरक्षण एवं नव सृजन हेतु शहरों को कलस्टर में विभाजित किया गया है और प्रति कलस्टर में अलग आउटसोर्सिंग वेंडर रखे गये हैं। इन वेंडरों के अनुबंध में सेवाओं की शिकायत निर्धारित समय की अधीन दूर नहीं करने पर शुल्क दंड का प्रावधान है। अभी ये वेंडर ग्राहकों

के शिकायत को बिना दूर किये उसे शिकायत सूची से हटा देते हैं ताकि दंड से बच सकें। इसका प्रतिफल यह हो रहा है कि हमारे अत्यधिक राजस्व देने वाली सेवाएं मसलन ब्राडबैंड, लीज्ड लाइन, एफटीटीएच आदि का उपभोक्ता क्षुब्ध होकर विच्छेदन करा रहे हैं।

आज के वर्तमान दूरसंचार माध्यम में एफ.टी.टी.एच. एक प्राण वायु की तरह है, इसके उचित संस्थापन एवं अनुरक्षण से कम्पनी को भारी राजस्व प्राप्त हो सकते थे। परन्तु बाहरी एजेंसी से इन कार्यों का निष्पादन हो रहा है, जिनका मूल उद्देश्य पैसा कमाना है हमारी सेवाओं का संचालन उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसा ज्ञात हुआ है कि एफ.टी.टी.एच. कनेक्शन देने में ये बाहरी वेंडर निर्धारित से अधिक पैसा ग्राहकों से वसूल रहे हैं जिससे बीएसएनएल की साख और प्रतिष्ठा तो धूमिल होती ही है, ग्राहक भी दूसरे निजी कम्पनियों की तरफ मुखातिव हो रहे हैं।

कई उदाहरण ऐसे भी सुनने में आये हैं कि कई जगहों पर एक ही वेंडर बीएसएनएल और किसी अन्य प्राइवेट कम्पनी का कार्य भी करते हैं। ऐसे वेंडर अधिक पैसा कमाने के लिए बीएसएनएल की तुलना में प्राइवेट कम्पनियों की सेवाओं की सरहाना करते ग्राहकों को दूसरे तरफ मोड़ने का प्रयास करते हैं।

ये सभी तथ्य हमारे प्रबंधन के उच्च पदधारकों को भी ज्ञात है, परन्तु वे इसे जाने क्यों नजर अंदाज करते हैं। इसके विशेष कारण तो उन्हीं को पता होगा।

जोरदार तरीके से घोषित बीएसएनएल के पुनरूत्थान पैकेज का एक दूसरा अति महत्वपूर्ण उपलब्धि बताई गई 4–जी स्पेक्ट्रम ओर सरकार के तरफ से कहा गया कि 4जी स्पेक्ट्रम सरकारी खर्चे पर बीएसएनएल को दी जायगी। सरकार अभी भी 4जी स्पेक्ट्रम देने से या उसके खर्चे की भरपाई से इंकार नहीं करती परंतु सरकार ने 4जी स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए ऐसे–ऐसे नीतियों का प्रतिपादन किया जिससे बीएसएनएल और 4जी स्पेक्ट्रम की दूरी बढ़ते जा रही है। अभी के दूरसंचार जगत के लिए ध्रुव सत्य है कि 4जी स्पेक्ट्रम के बिना बीएसएनएल की जीवंतता कायम नहीं रह सकती। 4जी स्पेक्ट्रम नहीं होने के कारण इन दिनों बीएसएनएल के मोबाइल उपभोक्ता दूसरे कम्पनी में "पोर्ट आउट" करा रहे हैं। इस संख्या में अभी काफी बढ़ोत्तरी आई है। कुल मिलाकर लगता है कि बीएसएनएल को डुबोने के लिए बाध्यता कायम की जा रही है। अगर 4जी स्पेक्ट्रम का आवंटन एवं इसके संयंत्रों का प्रतिष्ठापन बीएसएनएल में अतिशीघ्र नहीं हुआ तो इस कम्पनी की जीवंतता संदेह के घेरे में लगती है। मानव संसाधन – किसी भी उद्योग में उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उस उद्योग में लगे श्रमिक अर्थात मानव संसाधन के विकास की बात को उच्च स्थान देने की व्यवस्था होती है, परन्तु बीएसएनएल में कार्यरत श्रमिक आज मायूस एवं अनुत्साहित हैं। इतने भारी संख्या में कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बावजूद जो कर्मचारी कार्य पर बचे हैं उन्हें वेतन भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है। समस्त कल्याणकारी भत्ते एवं संसाधन या तो विरमित हैं या बंद कर दिये गये हैं। हर माह के प्रथम सप्ताह से ही पिछले सप्ताह का वेतन कब भुगतान होगा? यह सवाल हर जुबान पर रहता हैं। बीएसएनएल कर्मचारी अपने परिवार का भरण–पोषण ठीक से करने में लाचार होते जा रहे हैं। उनकी समाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होते जा रही है। यह सवाल प्रत्येक श्रमिक संघों द्वारा उच्च स्तरीय प्रबंधन तक उठाई जाती है परन्तु इसे नजर अंदाज किया जाता है। प्रबंधन ये मान के चल रही है कि श्रमिक अब संकट झेलने के आदी हो चुके हैं और इन्हें जैसे भी

रखा जाय ये अब इनकी फितरत बन चुकी है।

प्रबंधन ऐसा सोचती है कि सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है। परन्तु कर्मचारी आक्रोशित है। तथा अनुत्साहित है। समय ही बतायेगा कि वास्तविकता क्या थी और क्या होनी चाहिए थी।

**पदोन्नति –** विभागीय पदोन्नति संबंधी परीक्षाए नहीं हो रही है। फरवरी 2020 में कहा गया कि वीआरएस सम्पन्न हो गया। अब कम्पनी का नवीनीकरण संचालन एवं मानव संसाधन के लिए तीव्र गति से किया जायगा। रिक्तियों की गणना की जायगी तथा प्रोन्नति के लिए परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। तब से अभी तक एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद रिक्तियों की गणना तक नहीं हो पाई है।

अभी टी.टी., जे.ई., जे.टी.ओ., जे.ए.ओ. के परीक्षा के लिए योग्य कर्मचारी लगातार चिल्ला रहे हैं और उनके आवाज को एनएफटीई लगातार प्रबंधन तक पहुंचा रही है, परन्तु सब बेकार ही प्रतीत होता है।

परीक्षाएं आयोजित नहीं होने से कर्मचारी अत्यन्त असंतुष्ट हैं।

**चिकित्सा भत्ता/यात्रा भत्ता –** कर्मचारी अपना अथवा अपने आश्रितों की चिकित्सा पर खर्च करने के बाद विपत्र जमा कराते हैं, परन्तु पिछले तीन वर्षों से उनके चिकित्सा विपत्रों का भुगतान नहीं हो पाया है। यात्रा भत्ता जो सेवानिवृति पर मिलनी है वा भी भुगतान नहीं हो रहे हैं।

**ओद्योगिक महंगाई भत्ते का जाम होना –** समस्त आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारियों को एक और अघात औद्योगिक महंगाई भत्ते को जाम करके किया गया ज्ञातव्य है कि डी.पी.ई. द्वारा महंगाई भत्ता जाम करने के आदेश के तुरत बाद एनएफटीई ने कहा कि ये नॉन–एक्टीक्यूटिव कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है। अभी स्वयं डी.पी.ई ने कोयला, खनिज एवं मानव संसाधन मंत्रालय के लिए स्पष्टीकरण जारी किया है कि उक्त महंगाई भत्ते जाम करने के आदेश नॉन–एक्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर लागू नहीं होते। एन.एफ.टी.ई. ने सभी संबंधित स्तरों का पत्र द्वारा ध्यानकर्षण किया है, कि डी.पी.ई. उक्त स्पष्टीकरण बीएसएनएल के लिए भारी किये जाएं, परन्तु बीएसएनएल का प्रशासनिक मंत्रालय डी.ओ.टी. की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। यहां सब कुछ भाग्य भरोसे चलता है।

अद्योपान्त नजर दौड़ाने और सरजमीन की तहकिकात बारीकी से करने के उपरान्त यहीं महसूस हो रहा है कि अभी भी अंधकार बीएसएनएल कम्पनी और इसके कर्मचारियों पर अच्छादित है और उच्चस्तरी प्रबंधन एवं सरकार की ओर से स्थिति के बदलाव के प्रयास नगण्य हैं।

एनएफटीई श्रमिकों का हिरावल दस्ता होने और इनके हित रक्षण की चिन्ता करने वाली संगठन जागरूक है। हमें विश्वास है कि हम अपने सभी साथियों की एकजुटता के माध्यम से स्थिति को बदल पायेंगे।

आइये हम आशा ओर विश्वास के साथ इस प्रतिज्ञा के साथ आगे बढ़े कि स्थिति की बदलाव आवश्य होगी।